# कार्यालय आयुक्त,
# खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, उत्तराखण्ड

**8 ए बंगाली मौहल्ला, देहरादून**

## अभिरूचि का आमंत्रण

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के वित्तीय वर्ष 2007-08 से 2011-12 तक (पांच वर्षों) के प्रोफार्मा लेखे (मात्रा लेखा, लाभ-हानि खाता, आर्थिक चिट्ठा) तैयार करने हेतु उन चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट फर्मों से मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिनको उत्तर प्रदेश-उत्तराखण्ड के सरकारी विभागों के अंतिम लेखे तैयार किये जाने का अनुभव हो इसके लिए निर्धारित निविदा फार्म दिनांक 21 दिसम्बर 2011 से दिनांक 11 जनवरी 2012 तक किसी भी कार्यदिवस में रू. 1000 तथा 12.5 प्रतिशत वैट का मूल्य रू. 125 सहित कुल रू. 1125 (रूपये एक हजार एक सौ पच्चीस मात्र) चालान बैंक ड्राफ्ट द्वारा, जो संभागीय वरिष्ठ वित्त अधिकारी, गढ़वाल सम्भाग, देहरादून के नाम से व भारतीय स्टेट बैंक, देहरादून पर देय हो, अथवा ट्रेजरी चालान द्वारा '4408'- खाद्य भण्डारण तथा भण्डागारण पर पूंजीगत परिव्यय-01, खाद्य-00-आयोजनेत्तर, 101-खरीद और पूर्ति-03, अन्नपूर्ति योजना-31-सामग्री में जमा कर चालान की एक मूल प्रति प्रस्तुत कर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। सीलबन्द निविदायें दिनांक 12 जनवरी 2012 को अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्यालय आयुक्त, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति 8, ए बंगाली मौहल्ला, देहरादून के निविदा बॉक्स में डालनी होगी। प्राप्त निविदाओं की तकनीकी निविदा उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। विलम्ब से प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा फार्म www.uk.gov.in की वेबसाईट पर tender कॉलम से भी डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोडेड निविदा फार्म के साथ निविदा फार्म का मूल्य रू. 1125.00 का ट्रेजरी चालान अथवा बैंक ड्राफ्ट संलग्न किया जाना आवश्यक है।

किसी भी निविदा / निविदा दर को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार आयुक्त, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून में सुरक्षित होगा।

**आयुक्त,**
**खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग,**
**उत्तराखण्ड, देहरादून।**

पत्रांकः 3757/सू.एवं.लो.सं.वि./19.12.11